तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 13 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 कसरेंगा राइस मिल से नदी में छोड़ा जा रहा केमिकल युक्त जहरीला पानी



## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी, कारोबारी टंडन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**कोरबा।** प्रदेश पुलिस बल मे पदस्थ एक महिला डीएसपी पर ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज आरोप लगाने वाले कारोबारी के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटघोरा के न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश पुलिस बल मे पदस्थ डीएसपी कल्पना वर्मा पर गंभीर आरोप लगाकर सुर्खियों में आए कारोबारी अंबेडकर टंडन ऊर्फ दीपक टंडन कानूनी दायरे में आ गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दीपक टंडन के खिलाफ वर्ष 2020 में दीपका निवासी महेंद्र सिंह नामक व्यक्ति ने दीपका थाना में शिकायत की थी कि उसके साथ दीपक टंडन ने लगभग 28 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। इस मामले में पुलिस ने दीपक टंडन के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटघोरा की कोर्ट ने दीपक टंडन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है।पूर्व में न्यायालय में पेश होने पर दीपक को नोटिस भी भेजा गया था लेकिन निर्धारित तारीख पर दीपक टंडन के अनुपस्थित रहने और जांच में सहयोग न करने के कारण न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटघोरा ने दीपक टंडन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश किया है।

### आरक्षक भर्ती परिणाम को लेकर पुलिस ने जारी किया हेल्पडेस्क

कोरबा। जिला पुलिस द्वारा आरक्षक भर्ती परिणामों से संबंधित अभ्यर्थियों की शिकायतों के निराकरण के लिए 12, 13 एवं 14 दिसंबर को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। जिसमें अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हेल्प डेस्क को दो शिफ्टों में संचालित किया जाएगा जिसमें सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तक एवं दोपहर 3:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित की गई है। सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त निर्धारित तिथियों एवं समय पर उपस्थित होकर अपनी शिकायतें हेल्प डेस्क में प्रस्तुत करें।

### सीएसईबी खेल मैदान में बढ़ती असामाजिक गतिविधियां

**कोरबा।** शहर के हृदय क्षेत्र में स्थित सीएसईबी का खेल मैदान जहाँ दिनभर खिलाड़ियों और नागरिकों की आवाजाही रहती है। अब शाम ढलते ही असामाजिक गतिविधियों का केंद्र बन गया है। नशे का सेवन, हुड़दंग, बदतमीजी और आपत्तिजनक हरकतें लगातार बढ़ रही हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि असामाजिक तत्वों में केवल युवा लड़के ही नहीं बल्कि कई युवा लड़कियाँ भी खुलेआम मैदान में नशे का सेवन कर रही हैं बिना किसी भय या रोक-टोक के। यह स्थिति सामाजिक और पारिवारिक दोनों दृष्टियों से अत्यंत गंभीर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मैदान सीएसईबी चौक स्थित पुलिस चौकी के ठीक पीछे होने के बावजूद पुलिस की निष्क्रियता कई सवाल खड़े करती है। नागरिकों का आरोप है कि क्या स्थानीय पुलिस किसी बड़ी घटना या अनहोनी का इंतजार कर रही है।

### करियर पब्लिक स्कूल में आरंगम का आयोजन

**कोरबा।** करियर पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव आरंगम का रंगारंग और भव्य आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर आकर्षक सजावट, रोशनी और उत्साहपूर्ण माहौल से जगमगा उठा। छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की भारी उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अजीत वसंत, विशिष्ट अतिथि मनीष राजोरिया (चेयरमैन, करियर पब्लिक स्कूल) और विशेष अतिथि प्रो.प्रदीप जैन (ग्रुप डायरेक्टर) द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह के साथ सम्मान किया गया। इसी अवसर पर करियर डिजाइन स्कूल का उद्घाटन भी किया गया, जिसे विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता का महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

# जिले की तीन ग्राम पंचायतों में बनी हैं आवासीय कालोनी, नहीं हो पा रही टैक्स वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले की दो ग्राम पंचायतों में हाउसिंग बोर्ड के द्वारा शासन से जमीन आबंटन प्रक्रिया के तहत जमीन लेने के बाद स्वतंत्र आवासों की कालोनी निर्माण कर उन्हें रियायत दर पर आम मध्यम वर्गीय परिवारों को बिक्री कर दी गई। आज दोनों पंचायतों के उप कालोनी में एक बड़ी आबादी बस जाने के बाद भी पंचायतों को उक्त कालोनी से किसी तरह का संपत्ति कर नहीं मिल रहा है। बड़ी ग्राम पंचायतों को नगरीय निकायों की तर्ज पर सफाई कर, जल कर सहित संपत्ति कर लेने का पंचायत अधिनियम में प्रावधान करने के साथ ही इसके लिए ग्राम पंचायतों को अधिकार दिए गए हैं। उक्त अधिकार के बाद ग्राम पंचायतों से स्वच्छता एवं जल कर सहित संपत्ति कर की वसूली नहीं होने से राजस्व का नुकसान हो रहा है। संपत्ति कर के अलावा रेत और गौण खनिज की रॉयल्टी भी ग्राम पंचायतों को लिए जाने का अधिकार है किंतु यह भी पंचायतों के खातों में नहीं मिलने से ग्राम पंचायतों में होने वाले मूलभूत कार्य ठप हो चुके हैं। ग्राम पंचायतों को शासन स्तर से बीते एक साल में किसी भी तरह का फंड जारी नहीं किया गया है। वहीं ग्राम पंचायतों को आय के सोर्स तैयार करने के अधिकार भी दिए गए हैं किंतु उसके द्वारा जल कर के अलावा अन्य किसी प्रकार की वसूली नहीं की जा रही है। जिले में लगभग 4 सौ ग्राम पंचायतें हैं इन ग्राम पंचायतों में उरगा, जेंजरा और सेमीपाली में हाउसिंग बोर्ड के द्वारा आवासीय कालोनी का निर्माण किया गया है जिनमें सबसे अधिक आवास उरगा के हाउसिंग बोर्ड कालोनी में बनाए गए हैं जहां पानी की सुविधा के लिए सिंचाई विभाग द्वार डोम नाला में एनीकट बनाकर पाइन लाइन के द्वारा पानी सप्लाई की जाएगी। इस तरह की बड़ी सुविधा देने के बाद भी पंचायतों को कालोनियों से संपत्ति कर नहीं मिल रहा है। इसके साथ ही कटघोरा जनपद के ग्राम जेंजरा में लगभग 150 आवासों की कालोनी बनी है। इसी तरह सेमीपाली में भी लगभग 150 आवास तैयार हुए हैं। वहां भी संपत्तिकर वसूली जैसे काम ठप पड़े हुए हैं।

## हाउसिंग बोर्ड ने कालोनी का कराया है निर्माण

**खास बातें**

- ग्राम जेंजरा और सेमीपाली में बने हैं स्वतंत्र आवास



### पंचायतें नहीं लेती रुचि

ग्राम पंचायतों को सफाई कर और जल कर वसूलने के दिए गए अधिकार के प्रति रुचि नहीं लिए जाने से उनके राजस्व आय में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। ग्राम पंचायतों के द्वारा ग्राम के अंतर्गत आने वाले स्कूल भवन सहित गांव के गली मोहल्लों में सफाई कार्य भी नहीं कराए जाते और ना ही महीनों तक बिगड़ी पेयजल व्यवस्था के सुधार में रुचि भी नहीं ली जाती है। यही कारण है कि टैक्स लेने के लिए पंचायत अभियान नहीं चलाता।

## पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाय, सेतु निगम के अधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

# पुल की लोड टेस्टिंग के लिए प्रदेश में एक्सपर्ट टीम नहीं, बाहर से आएगी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुदुरमाल पुल के क्षतिग्रस्त होने के मामले में लोड टेस्टिंग के लिए प्रदेश में कोई भी एक्सपर्ट टीम नहीं होने का मामला सामने आया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ के बाहर कलकत्ता और हैदराबाद से एक्सपर्ट टीम को बुलाने का प्रयास किया जा रहा है। जिनके पास पुल की टेस्टिंग से संबंधित सभी तरह की तकनीकी टीम शामिल रहती है जिनके द्वारा बड़े पुल की लोड टेस्टिंग की जाती है। उक्त टीम के आने के बाद ही कुदुरमाल पुल की लोड टेस्टिंग की जाएगी तब तक भारी वाहनों को दिए गए वैकल्पिक मार्ग से ही गुजरना होगा।

कुदुरमाल पुल के क्षतिग्रस्त होने से भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगे हुए एक पखवाड़े का समय बीत चुका है। तीन दिन पूर्व ही कलेक्टर अजीत वसंत ने कुदुरमाल पुल का निरीक्षण करने के दौरान पुल की लोड टेस्टिंग कराने के लिए तीन तकनीकी अधिकारियों की टीम गठित करने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद लोक निर्माण एवं विभाग के अलावा पीएमजीएसवाय एवं सेतु निगम के कार्यपालन अभियंताओं की टीम बनाई गई। जिन्हें ये जिम्मेदारी दी गई कि पुल की लोड टेस्टिंग का काम के लिए एक्सपर्ट टीम की व्यवस्था करें। तीनों विभाग के अधिकारियों ने पुल की लोड टेस्टिंग कराने के लिए तीनों विभाग के अधिकारी एक्सपर्ट टीम की तलाश में जुट गए हैं। उनके द्वारा जब लोड टेस्टिंग हेतु तकनीकी एक्सपर्ट टीम की तलाश शुरु की तो यह जानकारी सामने आयी कि प्रदेश में बड़े पुल की लोड टेस्टिंग करने वाली कोई एक्सपर्ट टीम नहीं है। अधिकारियों के द्वारा छत्तीसगढ़ के बाहर के राज्यों की एक्सपर्ट टीम से संपर्क साधा जा रहा है। बताया जाता है कि हैदराबाद और कोलकाता में पुल की लोड टेस्टिंग करने वाली एक्सपर्ट टीम मौजूद है जिनसे तीनों विभाग के अधिकारियों द्वारा संपर्क किया जा रहा है। अन्य राज्य से एक्सपर्ट टीम के आने के बाद ही पुल की लोड टेस्टिंग की जाएगी। उक्त टीम के पास बड़े भारी पुल के निर्माण के साथ साथ उसकी भार क्षमता जांचने के लिए सभी तरह के तकनीकी साधन हैं। इस तरह की टीम अभी तक छत्तीसगढ़ में नहीं हैं। हालांकि विभाग के उच्च अधिकारियों के द्वारा भी शासन स्तर से इसका प्रयास किया जा रहा है।

### मामला कुदुरमाल पुल के क्षतिग्रस्त हाने का



कुदुरमाल पुल, जहां की जाएगी टेस्टिंग।

### प्रदेश के बाहर से आएगी टीम

कुदुरमाल पुल की लोड टेस्टिंग कराई जाएगी। एक्सपर्ट टीम के द्वारा ही पुल की लोड टेस्टिंग की जाएगी। प्रदेश में ऐसी टीम नहीं है इसके लिए कलकत्ता और हैदराबाद जैसे बड़े शहरों में एक्सपर्ट टीम की तलाश कर उनसे संपर्क किया जा रहा है।

**- जी आर जांगड़े,** कार्यपालन अभियंता, पीडब्ल्यूडी

### ढेंगुरनाला पुल भी है जर्जर, जिसमें से गुजर रहे हैं भारी वाहन

कुदुरमाल पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद भारी वाहनों को रिसदी बालको ढेंगुरनाला पुल से गुजारा जा रहा है। उक्त पुल की हालत भी जर्जर हो चली है। कई बार पुल की मरम्मत ऊपरी स्तर पर की गई है। बरसात में जलभराव होने की वजह से पुल के ऊपर की जाने वाली कांक्रीट के बह जाने से गड्ढे बन चुके हैं। वहीं पुल का कुछ हिस्सा धसा हुआ भी है। पुराना पुल होने के कारण अब उक्त पुल की भी मरम्मत की आवश्यकता बनी हुई है। एक्सपर्ट टीम के आने के बाद विभागीय अधिकारियों के द्वारा यह प्रयास किया जाएगा कि उक्त पुल की भी लोड टेस्टिंग करा सके।

### जाम से जनता परेशान

भारी वाहनों के शहर के बीच से गुजरने के कारण लग रहे जाम से जनता परेशान हो चली है। स्थिति यह हो गई है कि रिंग रोड में रिसदी तक ट्रकों की लाइन लगी रहती है वहीं दूसरी ओर पॉलीटेक्नीक कालेज तक भी गाड़ियों की लाइन नजर आती है इससे रिसदा चौक, परसाभांठा चौक, बजरंग चौक में जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। उक्त मार्ग से पहले ही बालको संयंत्र के वाहन आवागमन करते थे। अब कोयला लोड वाहनों का भी मार्ग से आवागमन होने लगा है।

## शराब पीने के लिए पुत्र बेचने जा रहा था धान पिता ने मना किया तो तलवार से काटा कान



घायल वृद्ध।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शराब पीने के लिए एक युवक अपने घर से धान निकालकर बेचने के लिए जा रहा था, जब पिता को इसकी भनक लगी तो पिता ने ऐसी हरकत ना करने के लिए मना किया तो यह बात पुत्र को नागवार गुजरी और घर में रखे तलवार निकालकर अपने पिता पर जानलेवा हमला कर दिया।

**खास बात**

- कोरबी चौकी क्षेत्र के ग्राम झीनपुरी में हुई वारदात

हमले में उसके पिता के कान कट गया है। घायल पिता को गंभीरावस्था में उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में धारा 307 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

मामला कोरबी चौक क्षेत्र के ग्राम झीनपुरी की है। यहां निवासात बलजोर मरावी उम्र 34 वर्ष गुरुवार की दोपहर लगभग 2 बजे अपने घर से धान निकालकर बेचने के लिए जा रहा था और उस पैसे से उसे शराब पीना था। जब बलजोर के पिता दुर्जन सिंह मरावी को यह बात पता चली तो उसने अपने पुत्र बलजोर को धान न बेचने के लिए कहा तो यह बात पुत्र बलजोर को नागवार गुजरी और अपने पिता दुर्जन सिंह से वाद विवाद करने लगा। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि बलजोर ने अपने घर में रखे तलवार को निकालकर अपने पिता दुर्जन सिंह मरावी पर जानलेवा हमला कर दिया। किस्मत अच्छी रही कि दुर्जन ने अपने बचाव के लिए अपना गार्दन हटा लिया और तलवार की धार सीधे उसके कान पर पड़ी, जिससे उसका कान कट गया। घटना के होते ही बलजोर वहां से भाग निकला। परिजनों ने दुर्जन गंभीर अवस्था में उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया। घटना की सूचना मिलने पर कोरबी चौकी प्रभारी सुरेश जोगी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और हत्या के प्रयास को अंजाम देने वाले पुत्र बलजोर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



आरोपी पुत्र।

# पीडीएस दुकान बंद, नवंबर माह का ग्रामीणों को नहीं मिला राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

जनपद पंचायत करतला के आने वाले कुछ ग्राम पंचायतों में नवंबर माह के राशन का वितरण नहीं होने के मामले सामने आए हैं। इनमें ग्राम कलमीभांठा के ग्रामीणों एवं जनपद सदस्य ने इसकी शिकायत खाद्य विभाग एवं कलेक्टर से की है। क्षेत्र की एक बड़ी आबादी खाद्य सामग्री से वंचित हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि कल्मीभांठा एवं आमापाली में पीडीएस दुकान का संचालन किया जाता है। दोनों ही दुकानों से ग्रामीणों को नवंबर माह का राशन का वितरण नहीं किया गया है। बताया जाता है कि दोनों ग्राम पंचायतों के पीडीएस दुकानों से प्रत्येक माह चावल वितरण का काम देरी से किया जाता है तथा पूर्व में स्टाफ की समस्या का हवाला देकर भी ग्रामीणों को अन्य ग्राम पंचायतों की पीडीएस दुकान से चावल का उठाव करना पड़ रहा है। लंबे समय से दोनों पीडीएस दुकानों के स्टॉक का भौतिक सत्यापन नहीं होने के कारण पीडीएस संचालक इसका फायदा उठा रहे हैं। कलेक्टर को सौंपे शिकायत पत्र में जनपद सदस्य किशन लाल कोसले ने राशन दुकानों के स्टॉक कम होने तथा उनको आबंटित होने वाली सामग्री का भौतिक सत्यापन कराए जाने की मांग की है। जनपद सदस्य श्री कोसले ने खाद्य सामग्री के वितरण में गड़बड़ी की आशंका भी जताई है।



करतला स्थित बंद राशन दुकान।

# खेलते वक्त पैरावट से गिरकर मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 6 वर्षीय मासूम बालक धान की मिसाइ के दौरान पैरावट में खेल रहा था। पैरावट के उपर सिर के बल अल्टी पल्टी मार रहा था इसी बीच वह सीधे सिर के बल नीचे जमीन पर गिर गया, जिससे उसके गर्दन और सिर पर गंभीर चोट लगने से गंभीरावस्था में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार दूरस्थ वनांचल क्षेत्र कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लालपुर निवासी नंदलाल पांडव का 6 वर्षीय पुत्र ओम सत्यम के घर में धान मिसाइ किया जा रहा था। पैरावट के उपर ओम सत्यम सिर के बल अल्टी पल्टी मारते हुए खेल रहा था कि इसी दौरान वह पैरावट के उपर से सिर के बल जमीन पर जा गिरा जिससे उसके गर्दन और सिर पर गंभीर चोट लगने से रोने लगा जैसे ही परिजनों को इसकी जानकारी हुई उसे गंभीरावस्था में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां कुछ देर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। संभावना जताई जा रही है कि खेलने के दौरान सिर पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हुई है। फिलहाल पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

**खास बातें**

- मामला कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लालपुर का
- गिरने से सिर में लगी थी गंभीर चोट

## बालको ने मेगा रक्तदान शिविर का किया आयोजन

# 220 से अधिक रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बालको अस्पताल में एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में बालको कर्मचारियों, व्यवसायिक साझेदारों उनके परिजनों और आसपास के समुदाय ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 220 से अधिक रक्तदाताओं के सहयोग से ज़िले के ब्लड बैंक की क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। शिविर का उद्देश्य थैलेसीमिया, सिकल सेल डिज़ीज़, कैंसर, सड़क दुर्घटनाओं, मातृत्व संबंधी जटिलताओं तथा हीमोफीलिया जैसे रक्तस्रावजनित रोगों के लिए आवश्यक रक्त उपलब्धता सुनिश्चित करना था। साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान और नियमित रक्तदान के स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूकता भी बढ़ाई गई। सभी एकत्रित रक्त यूनिट्स का पूर्ण चिकित्सकीय परीक्षण के बाद उन्हें शासकीय मेडिकल कॉलेज, कोरबा के ब्लड बैंक में सुरक्षित रूप से संग्रहित किया जाएगा, जहाँ से इन्हें ज़रूरतमंद मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी की समुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि समुदाय को ज़रूरी स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारे विकास कार्यों की मुख्य प्राथमिकता है। बालको मेडिकल सेंटर, 170-बेड की अत्याधुनिक कैंसर देखभाल सुविधा का प्रमुख केंद्र है जो 2018 से अब तक 60 हजार से अधिक मरीजों की सेवा प्रदान कर चुका है। वहीं बालको अस्पताल, 120-बेड बहु-विशेषज्ञता वाला स्वास्थ्य केंद्र, 80 से ज्यादा मेडिकल विशेषज्ञों और 110 से अधिक सपोर्ट स्टाफ के सहयोग से प्रति वर्ष लगभग 1.8 लाख लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है।




रक्तदाताओं को पुरस्कृत करते अतिथि।

## कलेक्टर लेंगे मासिक समीक्षा बैठक

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत 19 दिसंबर को शाम 5 बजे किसान कल्याण से संबंधित, कृषि, पशु, उद्यान, रेशम विभाग, 20 दिसंबर को प्रातः 11 बजे शिक्षा विभाग, 26 दिसंबर को शाम 5 बजे महिला एवं बाल विकास विभाग और 27 दिसंबर को प्रातः 11 बजे स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेंगे।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### रविन्द्र होंगे तारबहार थाने के टीआई

**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले के 5 पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया है। रविन्द्र कुमार अनंत को तारबाहर थाने की जिम्मेदारी दी गई है। आदेश के अनुसार तारबाहर थाने के निरीक्षक कृष्ण चंद सिदार को नवीन पदस्थापना देते हुए अजाक थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं उनकी जगह अजाक के टीआई रविन्द्र कुमार को तारबाहर भेज दिया गया है। इसके साथ ही उपनिरीक्षक राम नरेश यादव को रक्षित केन्द्र , शीतल प्रसाद त्रिपाठी सिरगिट्टी और मेलाराम कठौतिया को तारबाहर में नवीन पदस्थापना दी गई है।

### चोरी के आरोपियों को हिर्री पुलिस ने धर दबोचा

**बिलासपुर।** ट्रेलर चालकों के द्वारा चोरी को अंजाम देते हुए टायर की



चोरी करने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे के बाद ही पुलिस ने आरोपियों को धरदबोचा है। उनके कब्जे से 2 लाख 80 हजार के टायर बरामद कर लिया गया है। मामले के अनुसार शिवमंदिर सरकंडा निवासी दुर्गा प्रसाद ट्रेलर के मालिक है। जिन्होंने हिर्री थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया था कि ट्रेलर कमांक सीजी 10 बीएल 5084 जिसे चालक राजीव कुमार उर्फ आकाश यादव चलाता है, ट्रेलर कमांक सीजी 10 वीएल 5081 जिसे अरूण यादव चलाता है। दोनों ड्राइवरों भोजपुरी टोलप्लाजा कौशिक ढाचा के सामने वाहन को खड़े कर दिया है। ट्रेलर मालिक ने सुबह करीब 8 बजे जाकर देखा, ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएल 5084 से गाड़ी में लगा 3 नग टायर व डिस्क और ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएल 5081 से 5 नग जेके कंपनी का टायर व डिस्क गायब है। इस दौरान चालक भी फरार था। ट्रेलर मालिक ने हिर्री थाने में जुर्म दर्ज कराया है। पुलिस ने 24 घंटे में कार्रवाई करते हुए 2 लाख 80 हजार के टायर और डिस्क को बरामद कर लिया है। वहीं मामले में दोनों चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी अरूण कुमार यादव पिता शिवचरण यादव उम्र 32 साल साकिन गहुलियाटांड थाना कौवाकोल जिला राजीव उर्फ आकाश यादव पिता सुरेश यादव उम्र 30 साल साकिन बदाही थाना खैरा जिला जमुई बिहार के रहने वाले है। पुलिस ने दोनों आरोपी को जेल भेज दिया है।

### डीआरएम ने की सेमीनार की ओपनिंग

**बिलासपुर।** ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अवसर पर गुरुवार को मंडल सभागार में विद्युत सामान्य विभाग की ओर से ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल ने की। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक जेएस मीना, के श्रीनिवास, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता आरएस एंड जी केके भारद्वाज, सभी शाखा अधिकारी एवं विद्युत विभाग के पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी शामिल हुए। डीआरएम राजमल खोईवाल ने कहा कि हम दैनिक जीवन में नियोजित तरीके से छोटे-छोटे माध्यम से विद्युत ऊर्जा बचा सकते हैं। कार्यालयों तथा घरों में आवश्यकतानुसार लाइट व पंखों का प्रयोग, कार्यालय छोड़ने के आधे घंटे पहले एसी बंद करने जैसे उपायों से ऊर्जा बच सकती है। इस दौरान बड़ी संख्या में रेलवे के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। सभी ने ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम की जमकर सराहना की और इसे लोगों के लिए उपयोगी बताया।

अस्पताल में अव्यवस्था

**मामले में संज्ञान में लेने के बाद सुनी जा रही जनहित याचिका**

# हाईकोर्ट ने हेल्थ सेक्रेटरी व सीजीएमएससी के मैनेजिंग डायरेक्टर को नए शपथ पत्र पेश करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने जिला अस्पताल में अव्यवस्था को संज्ञान में लेने के बाद सुनी जा रही जनहित याचिका में आज राज्य सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सेक्रेटरी और सीजीएमएससी के मैनेजिंग डायरेक्टर को अगली सुनवाई की तारीख तक बताए गए मुद्दों पर नए एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया है।



आज की सुनवाई में कोर्ट ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के सचिव को यह भी निर्देश दिया है कि वे इस कोर्ट को बताएं कि डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस के बाद क्या कार्रवाई की गई है। कोर्ट ने 24 नवंबर 2025 को छपी न्यूज रिपोर्ट पर संज्ञान लिया था जो परिवार शेड पर जड़ा ताला, रात में जिला अस्पताल के मरीजों पर सोने की मजबूरी शीर्षक से प्रकाशित हुआ था। कोर्ट के आदेश के पालन में हेल्थ सेक्रेटरी ने 11 दिसंबर को अपना पर्सनल एफिडेविट फाइल किया। इसमें बताया गया कि बिलासपुर 200 बेड का हॉस्पिटल है। डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल बिल्डिंग के अंदर हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के रिश्तेदारों के रहने के लिए एक हॉल बनाया गया है, जिसकी कैपेसिटी 25 की हैं। हॉल में सभी बेसिक सुविधाएं मौजूद हैं। इसके अलावा पुराने डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल बिल्डिंग में मरीजों के रिश्तेदारों के लिए 40 लोगों की कैपेसिटी वाला एक हॉल है। इसके अलावा हॉस्पिटल में 13 प्राइवेट वार्ड हैं जिनमें मरीज के साथ एक अटेंडेंट रह सकता है। इनसे हॉस्पिटल में मरीजों के रिश्तेदारों और अटेंडेंट के रहने के लिए काफी सुविधा है।

### सीजीएमएससीएल भी संकल्पित

सीजीएमएससीएल ने भी कहा कि वह पूरे राज्य में सभी सरकारी हेल्थ इंस्टीट्यूशन को जरूरी डायग्नोस्टिक किट, रिएजेंट और कंज्यूमेबल की बिना रुकावट उपलब्धता पक्का करने के लिए संकल्पित है। कोर्ट ने कहा कि दिए गए एफिडेविट को देखने से पता चलता है कि रिएजेंट, कंट्रोल, कैलिब्रेटर और कंज्यूमेबल की खरीद से जुड़े नौ टेंडर में से दो टेंडर को बिडर्स को एल-1 घोषित करके फाइनल कर दिया गया है और ऊपर बताए गए दो टेंडर के लिए वर्क ऑर्डर जारी करने के लिए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है, बाकी सात टेंडर के लिए एफिडेविट में बताया गया है कि आगे की प्रोसेसिंग के लिए हेल्थ सर्विसेज डायरेक्टरेट के ऑफिस से प्रोप्राइटरी आर्टिकल सर्टिफिकेट का इंतजार है। सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के सेक्रेटरी एवं सीजीएमएससीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर को अगली सुनवाई की तारीख तक ऊपर बताए गए मुद्दों के बारे में नए एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया है। इस मामले को 11 फरवरी 2026 के लिए तय किया गया है।

## धर्मांतरण का विरोध, कलेक्टोरेट में प्रदर्शन



**बिलासपुर।** मसीही समाज के द्वारा दिसंबर महीने में लगातार धार्मिक, सामाजिक आयोजनों का दौर जारी रखने संबंधी कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन के बाद हिंदू समुदाय के लोगों ने इसकी आड़ में धर्मांतरण जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांग की है। हिंदू समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचकर नारेबाजी की व कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

**धान खरीदी के लगभग एक महीने पूरे, लेट वेरायटी वाले धान की अब शुरू होगी बिक्री**

# 1.32 लाख किसानों का पंजीयन, अब तक केवल 32 हजार किसानों ने बेचा धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समर्थन कीमतों पर धान बिक्री के लिए जिले में इस साल 1 लाख 32 हजार 373 किसानों ने पंजीयन कराया है, लेकिन आज दिनांक तक धान बेचने केवल 32 हजार 862 किसान ही उपार्जन केंद्रों तक पहुंच पाए हैं, जबकि धान खरीदी प्रारंभ हुए अब लगभग एक महीने हो चुके हैं। एक लाख किसानों के अब भी धान खरीदी से दूर रहने के पीछे लेट वेरायटी को मुख्य कारण माना जा रहा है।

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी पंद्रह नवंबर से प्रारंभ की गई है, जिसके अब लगभग एक महीने पूरे होने को हैं। इस साल एग्रीस्टेक पोर्टल में 1 लाख 32 हजार 373 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचने हेतु पंजीयन करवाया है, लेकिन धान बेचने उपार्जन केंद्र तक पहुंचने वालों की संख्या फिलहाल के लिए 32 हजार 862 तक ही पहुंच सकी है। धान बेचने वाले इन किसानों को अब तक 34 करोड़ 92 लाख 14 हजार 600 रूपए का भुगतान किया गया है। शुरूआती दौर में तीन महीने में पक जाने वाली महामाया जैसी अर्ली वेरायटी लेने वाले किसानों के ही धान बेचने केंद्रों तक पहुंचने की बात मानी जा रही थी। यही कारण है कि इतनी बड़ी संख्या में पंजीकृत होने व एक महीने खरीदी प्रारंभ होने के बाद भी करीब एक लाख किसान अब भी धान बेचने से अभी पीछे हैं।



### किसानों का टोकन का नहीं कटना बड़ी वजह

जिले में अभी टोकन जारी करने का अनुपात सत्तर व तीस का है। इसके अनुसार उपार्जन केंद्रों को धान खरीदी के लिए दी गई प्रतिदिन की लिमिट के अनुसार 70 प्रतिशत टोकन मोबाईल एप के जरिए काटे जाने हैं। इसी तरह केवल 30 प्रतिशत टोकन सहकारी समिति से जारी होने हैं। अनुपात में बड़ा अंतर होने के कारण बड़ी संख्या में किसान टोकन प्राप्त करने से वंचित रह जा रहे हैं। यही कारण है कि एक लाख से भी ज्यादा किसान अब तक धान बेचने के लिए नहीं पहुंच सके हैं।

### कटाई के दौरान बारिश बनी बाधा

किसानों का कहना है कि इस साल धान कटाई के दौरान ही लगातार कई दिनों तक बारिश हो गई। ऐस में खेतों में पानी जमा हो गया, जिससे धान की कटाई लगभग पंद्रह दिनों तक के लिए आगे बढ़ानी पड़ी। इसके अलावा आमतौर पर हार्वेस्टर से धान की मिसाई करवाने वाले किसानों को इस साल खेत गीला होने के कारण हार्वेस्टर की सुविधा नहीं मिल सकी। हार्वेस्टर खेत में फंसने के डर से मालिकों ने मिसाई के लिए किसानों को मना कर दिया, जिससे कटाई का काम हाथ से और मिसाई का काम थ्रेशर से करवाना पड़ा। लिहाजा खरीदी केंद्रों तक धान पहुंचने में विलंब हो गया है।

### किराना दुकान से तीन लाख कीमती 239 बोरा धान जब्त

किराने की दुकान में अवैध तरीके से धान की खरीदी कर सहकारी समितियों में बेचने की फिराक में रखा गया 239 बोरा धान राजस्व एवं मंडी विभाग की टीम ने जब्त कर लिया है। टीम के द्वारा दो अलग अलग मामलों में दुकान संचालकों से जब्ती की कार्रवाई की गई है।

सस्ती कीमतों पर किसानों से धान खरीदकर सहकारी समितियों के कर्मचारियों से मिलीभगत कर समर्थन मूल्य पर बेचने की फिराक में शुक्रवार को भी दो व्यवसायी निरीक्षण दल के द्वारा पकड़ लिए गए। नायब तहसीलदार बेलगहना समर्थ थवाईत, कोटा मंडी के उप निरीक्षक सीजी गोस्वामी एवं नीतिश नायक द्वारा टीम बनाकर ग्राम कोंचरा के यंग प्रोविजन स्टोर से 117 कट्टा, लगभग 46 क्विंटल 80 किलो एवं ग्राम मचगंवा के अरिहतं राईस मिल से 122 कट्टा (48 क्विंटल 80 किलो) अवैध धान की जब्ती की गई है। इन दोनों मामलों में मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार धान खरीदी की पूर्ण अवधि तक छापेमार कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

## सिर पर चोट लगने से हुई मौत

# घर के कमरे में मिली अधेड़ की संदिग्ध लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोपका के अरपा विहार में अधेड़ व्यक्ति की लाश संदिग्ध हालत में घर के बेड पर मिली है। जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि अधेड़ नशे का आदी था और पत्नी को नशे में मारपीट कर भगा दिया था। इस दौरान घर दो मासूम बच्चे रह रहे थे। पत्नी के जाने के बाद नशे की हालत में वह दीवार पर अपना सिर मारता रहा और फिर बेहोश होकर सो गया। सुबह उसकी लाश मिली है। मामले में सरकंडा पुलिस ने मृग कायम कर जांच में जुट गई है।

■ नशे में सिर पटकने के बाद हुआ बेहाश

सरकंडा थाना क्षेत्र के मोपका अरपा विहार में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक घर के भीतर बेड पर अधेड़ व्यक्ति का लाश संदिग्ध स्थिति में मिली। मृतक का नाम शंभू साहू है, वह आदतन शराबी था। परिजनों और पड़ोसियों की सूचना पर सरकंडा पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच में मृतक के सिर में चोट के निशान पाए गए, जिससे उसकी मौत होने की आशंका जताई जा रही है। शुक्रवार को लाश कब्जे में लेकर पीएम कराया गया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। घटना स्थल की परिस्थिति को देखते हुए पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। बताया जाता है कि शंभू साहू ने पहले अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर उसे घर से भगा दिया। इसके बाद दुखी होकर दीवार पर सिर मारने लगा। इस दौरान घर पर दो बच्चे मौजूद थे। दोनों सहमें हुए घर के कोने में दुबके हुए थे। बेहोश होने के बाद शंभू बेड पर लेट गया। सुबह उसकी लाश मिली है।

### लगातार दूसरे दिन मिली लाश

खास बात यह गुरूवार को जहां 2 मौत से शहर में दहशत है वहीं एक बार फिर सरकंडा क्षेत्र के घर पर अधेड़ की लाश मिलने से इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस पीएम के बाद घटना की असली वजह का खुलासा कर सकेगी।

### सिर पर खून के निशान मिले हैं

सुबह पुलिस को सूचना मिली थी, मौके पर पुलिस और फॉरेंसिक की टीम पहुंची। देखने पर मृतक के सिर पर ब्लड के निशान थे। जिससे उसकी मौत हो सकती है। प्रारंभिक जांच के बाद शव का पीएम कराया गया है। घर में मौजूद बच्चों से पूछताछ जारी है।

-निमितेश सिंह, सीएसपी

# ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत



दुर्घटनाग्रस्त बाइक तथा इंसेट में मृतक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ जुट गई मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इस संबंध में पामगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार 12 दिसंबर सुबह 10 बजे की है। पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम डूमरपाली निवासी विनोद जांगड़े पिता दुकालू राम जांगड़े उम्र 34 वर्ष अपने घरेलू काम से शिवरीनारायण की ओर जा रहा था। वह अभी शिवरीनारायण बिलासपुर मुख्य मार्ग के पामगढ़ के पास से पहुंचा था। इस दौरान ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए बाइक सवारी युवक को अपनी चपेट में ले लिया घटना इतनी जबरदस्त थी कि युवा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं उसके सर से खून बहने लगा। जिसके चलते युवक विनोद की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इधर घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। साथ ही वाहन चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। घटना की सूचना आसपास के लोगों ने पामगढ़ पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची एवं परिचय पत्र एवं अन्य दस्तावेज के आधार पर युवक के घर वालों को घटना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद परिजन भी घटनास्थल पहुंचे इस बीच ट्रक मालिक एवं प्रशासन द्वारा तात्कालिक सहायता राशि करीब 1 लाख 25 हजार रुपए प्रदान की गई। इसके बाद मृतक विनोद के सौ का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम की कार्यवाही के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ भेजा गया, जहां पीएम की कार्यवाही कर शव परिजनों को सौंप दी गई। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वही वाहन चालक को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। जांजगीर चांपा जिले में इन दिनों सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। दिसंबर महीने के ही 12 दिनों के भीतर सड़क हादसों में 7 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। इसके बावजूद कई वाहन चालक नियमों को ताक मे रखकर वाहन का परिचालन कर रहे है। हालांकि पुलिस प्रशासन एवं यातायात विभाग के द्वारा सड़क दुर्घटना रोकने जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सड़क पर चलते समय सावधानी बरतने की सख्त हिदायत दी जाती है। इसके बावजूद कई वाहन चालक नियमों का पालन नहीं करते है। जिसके चलते सडक हादसे हो रहे है।

### मासूम के सर से उठा पिता का साया

ग्राम डूमरपाली निवासी विनोद जांगड़े की सड़क हादसे में हुई मौत के बाद उसके एक वर्षीय मासूम लड़के के सर से पिता का साया उठ गया है । बताया जा रहा है कि विनोद की शादी करीब 3 साल पहले हुई है।

# अहमदाबाद एक्सप्रेस में फर्जी ई-टिकिट के साथ पकड़ा गया यात्री

**बिलासपुर।** अहमदाबाद एक्सप्रेस में टिकिट चेकिंग के दौरान एक यात्री को फर्जी ई-टिकिट के साथ सफर करते हुए पकड़ा गया है, जिसे यात्री ने स्टेशन में किसी दूसरे व्यक्ति से खरीदा था। यात्री के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की गई है।

गाड़ी संख्या 12833 अहमदाबाद से नागपुर, रायपुर, बिलासपुर होकर हावड़ा जाने वाली अहमदाबाद एक्सप्रेस में टिकिट चेकिंग के दौरान गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया। ड्यूटी कर रहे टीटीई इंद्रजीत ने दो यात्रियों को एक ही सीट पर दावा किए जाने की शिकायत पर जांच की तो मामला संदेहास्पद निकला। तत्काल सतर्कता बरतते हुए इंद्रजीत ने दोनों टिकिट को एचएचटी उपकरण से स्कैन कर सत्यापित किया, जिसमें एक टिकिट वास्तविक और दूसरा निष्क्रिय पीएनआर के आधार परतैयार किया गया फर्जी ई-टिकिट निकला। पूछताछ में फर्जी ई-टिकिट रखने वाले यात्री ने बताया कि उसने नागपुर रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति से टिकिट लिया था। जब यात्री ने टिकिट उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति से संपर्क करने कोशिश की, तो उसने मामला समझते ही अपना मोबाइल बंद कर दिया। यह स्पष्ट संकेत है कि फ्लश्ड पीएनआर का उपयोग कर ई-टिकिट पीडीएफ को डिजिटल रूप से एडिट कर नकली टिकिट तैयार किया गया था। वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह ने इस प्रकरण की जानकारी लेने के साथ आवश्यक कार्रवाई करने जीआरपी और आरपीएफ को मामला सौंप दिया है। वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए सीनियर डीसीएम ने सभी टीटीई और वाणिज्य कर्मचारियों को विशेष सतर्कता बरतने निर्देश जारी किया है। सभी को ऑनलाइन टिकिट सत्यापन, पीएनआर की एचएचटी से अनिवार्य जांच और फर्जी टिकिट मामलों में शून्य सहिष्णुता नीति अपनाने का कड़ाई से पालन करने कहा है।

■ यात्री के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई

# स्कूटी सवार युवती पर सरेराह चाकू से हमला

**बिलासपुर।** चकरभाठा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक युवती पर चाकू से जानलेवा हमला होने का मामला सामने आया है। स्कूटी से नांदघाट जा रही युवती को दो अज्ञात बाइक सवारों ने हिर्री माइन्स के ओरो होटल के पास रोकने की कोशिश की। युवती द्वारा स्कूटी नहीं रोकने पर बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

■ पुलिस जांच में जुटी

मिली जानकारी के अनुसार, सरकंडा क्षेत्र की रहने वाली कपिल नगर निवासी अनामिका तिवारी, पेट्रोल पंप में आपरेटर के रूप में कार्यरत हैं, गुरुवार दोपहर लगभग 12.30 बजे अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 22टी2773 से नांदघाट (बेमेतरा) जा रही थी।

# 25 दिन तक बिना कारण रद्द बिलासपुर-टाटा एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

5 दिनों तक बिना किसी काम और कारण के बिलासपुर से टाटानगर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस को रेल प्रशासन ने रद्द कर दिया है, जिसके कारण हजारों की संख्या में यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।



बिलासपुर से टाटानगर और टाटानगर से बिलासपुर के बीच ट्रेन का परिचालन पहले पैसेंजर बनाकर किया जा रहा था, जिसका बिलासपुर से टाटा पहुंचने तक सभी छोटे-बड़े स्टेशनों में स्टापेंज हो रहा था। पैसेंजर ट्रेन से शून्य को हटाकर एक जोड़ने के बाद बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस बनाकर 18113/18114 को चलाना शुरु कर दिया गया। 18114 बिलासपुर से टाटानगर जाने वाली एक्सप्रेस का परिचालन स्टेशन से शाम 6.50 बजे किया जा रहा था, जो बिलासपुर से रवाना होने के बाद रायगढ़, राजनगर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर होते हुए दूसरे दिन सुबह 6 बजे टाटानगर पहुंचती है। वहीं शाम 7 बजे 18113 नम्बर के साथ टाटानगर से बिलासपुर के लिए रवाना होने के बाद दूसरे दिन सुबह 6 बजे बिलासपुर स्टेशन आने का समय है। इस ट्रेन में प्रतिदिन गतौरा, अकलतरा, कापन, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ सहित ओडिशा की ओर जाने वाले यात्रियों की हजारों की संख्या में भीड़ रहती है। यह ट्रेन विशेषकर छोटे-छोटे स्टेशन तक सफर करने वालों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। रेल प्रशासन ने शुक्रवार को अचानक कुछ तकनीकी कारणों की जानकारी देते हुए 18113/18114 टाटानगर से बिलासपुर और बिलासपुर से टाटानगर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस का संचालन 12 दिसम्बर शुक्रवार से लेकर 7 जनवरी तक बंद करने का आदेश जारी कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित ट्रेलर गड्ढे में गिरा, चालक गंभीर

**अम्बिकापुर।** अम्बिकापुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 पर एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पुलिया से गड्ढे में गिर गया। दुर्घटना में ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 डीएन 8999 का चालक कोयला लोड करने करजी से परसा केते कोल लोडिंग पाइंट की ओर जा रहा था। चालक जैसे ही लखनपुर के जूनाडीह स्थित चुल्हट पुलिया पर पहुंचा विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे ट्रक चालक द्वारा कट मारने से ट्रेलर अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गई। दुर्घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को बाहर निकाला तथा अस्पताल भेजा। चालक दिनेश सिंह ने बताया कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक चालक द्वारा कट मारने के कारण ट्रेलर अनियंत्रित हो गई।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अम्बिकापुर।** लखनपुर थानान्तर्गत ग्राम अमदला शंकर घुटरा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मामले में मर्ग कायम कर आरोपी वाहन चालक को तलाश रही है। पुलिस के अनुसार ग्राम बंधा निवासी इमरान खान पिता जाफिरूल खान कुछ दिनों पूर्व अपने नहिहाल ग्राम खाला गया था तथा बुधवार को सुबह बाइक से अपने घर बंधा के लिए निकला था। जैसे ही वह अमदला शंकरघुटरा के पास पहुंचा अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के कारण से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन की सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

### पामगढ़ पुलिस ने जुआ खेलते 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

जांजगीर चांपा। ग्राम पनगांव में जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक व एएसपी के निर्देशन मे जिले में जुआ सट्टा पर अंकुश लगाने पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम पनगांव बंधवा तालाब के नीचे रामप्रसाद साहू, शिवराम साहू, संतोष दास, विरेन्द्र कुमार रत्नाकर, घनश्याम वैष्णव, सीताराम साहू को पकड़ा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ, रामलाल मार्कण्डे, राघवेन्द्र चंद्रशेखर कैवर्त सहित स्टाफ का योगदान रहा।

### कलेक्टर ने प्रकाश टण्डन को किया जिला बदर

जांजगीर-चांपा। जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जन्मेजय महोबे ने पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के प्रस्ताव पर प्रकाश टण्डन को जिला बदर किया है। जिला दंडाधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 में प्रदत्त शक्तियों एवं निहित प्रावधानों का प्रयोग करते हुए प्रकाश टण्डन पिता गुनाराम टण्डन निवासी बोरसी थाना पामगढ़ को जांजगीर-चांपा जिला एवं सरहदी जिला सक्ती, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, बालौदा बाजार जिलों की राजस्व सीमाओं से आदेश जारी होने के 24 घंटे के भीतर बाहर चले जाने तथा 1 वर्ष की कालावधि तक प्रवेश नहीं करने के लिए आदेशित किया गया है।

### संयुक्त टीम ने 120 क्विंटल धान की बनाई जब्ती, वाहन को सौंपा थाने में



मालखरौदा। धान के अवैध परिवहन मामले में संयुक्त टीम ने 120 क्विंटल धान जब्त किया है। उक्त कार्रवाई मंडी अधिनियम के तहत की गई है। कलेक्टर सक्ती के निर्देशानुसार खाद्य और मंडी विभाग के संयुक्त जांच दल खाद्य अधिकारी खुमेश्वर सिंह, खाद्य निरीक्षक अजित कुजूर, खाद्य निरीक्षक जीतेन्द्र दिनकर और मंडी सचिव प्रेम भारद्वाज, मंडी निरीक्षक ओम प्रकाश गोड़, मंडी उपनिरीक्षक मुकेश करून द्वारा 11 दिसंबर की रात्रि मे खिलेश्वर गबेल पिता मनीराम गबेल वाहन क्रमांक सीजी 11 एआर 9186 मे अवैध परिवहन करते हुए 300बोरी वजन 120 क्विंटल धान को जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई और वाहन को पुलिस सुपुर्द किया गया।

### जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य के संविदा पद पर आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** पंचायत संचालनालय अंतर्गत राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत जिले में रिक्त संविदा पदों जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र पर भर्ती हेतु 29 दिसम्बर तक सायं 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी निर्धारित समय तक आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पिन 495668 के नाम से पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते हैं।

## उद्योग मंत्री ने एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

# जनहितैषी कार्यों से प्रदेश में विकास को लगी पंख, हुआ सुशासन स्थापित:लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शिलान्यास करते उद्योग मंत्री, महापौर एवं अन्य।

हमारी सरकार के दो वर्ष पूरे हो गए हैं, इन 2 वर्षों में मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने दर्जनों जनहितैषी फैसले लिए और पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य किया। प्रदेश में पुनः सुशासन की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ। इसके पूर्व डॉ.रमन सिंह प्रदेश में 15 वर्षों तक मुख्यमंत्री रहे तथा इस दौरान उन्होंने दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की। करोडों लोग इन योजनाओं से लाभान्वित हुए, हालांकि बीच में इन योजनाओं को बंद कर दिया गया था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुनः इन जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित कराया। साथ ही जनहित की नई योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभी गारंटियों को पूरा किया।

उक्त बातें उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान निगम के विभिन्न वार्डों को 1 करोड़ 5 लाख रूपये के 6 विकास कार्यों की सौगात मिली है। नगर निगम द्वारा वार्ड क्र. 1 अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा के सामने 10 लाख रूपये की लागत से सीसी रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 5 अंतर्गत ईदगाह में इंदिरा नगर आंगनबाड़ी कलवर्ट तक 30 लाख रूपये की लागत से नाली निर्माण, वार्ड क्र. 6 अंतर्गत पुरानी बस्ती में सर्वमंगला फ्लोर मिल से भण्डारी चैक तक 12 लाख रूपये की लागत से सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्र. 8 अंतर्गत मोतीसागरपारा नवीन माध्यमिक शाला के सामने 6 लाख रूपये की लागत से सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्र. 8 के अंतर्गत मोतीसागरपारा बजरंग बली से किनारे दुकान तक 12 लाख रूपये की लागत से सीसी रोड निर्माण एवं नाली मरम्मत कार्य तथा वार्ड क्र. 9 अंतर्गत नवीन हाईस्कूल सीतामणी में 35 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण का कार्य कराया जाना हैं। इस दौरान उद्योग मंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की और अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हो रहा है। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि नगर कोरबा के सभी वार्डों में बिना भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य किए जा रहे हैं तथा विगत 2 वर्षों में लगभग 800 करोड़ रूपये के विकास कार्य स्वीकृत कराए जा चुके हैं। इस अवसर पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, एमआईसी सदस्य उर्वशी राठौर, पार्षद धनश्री साहू, ईश्वर पटेल, राधा महंत, रूबीदेवी सागर, सुलोचना यादव, मण्डल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, परविंदर सिंह, अजय विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

**कोरबा के विकास में कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी**

महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के निरंतर मार्गदर्शन व आशीर्वाद से नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में व्यापक रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। शहर के विकास में कभी कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी।

## टोल प्लाजा का पार्टनर बनाने के नाम पर पूर्व सैनिक से ठगी



पत्रकारवार्ता को संबोधित करते पूर्व मंत्री ननकीराम एवं पूर्व सैनिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व सैनिक और कारगिल युद्ध में शामिल प्रेमचंद पाण्डेय से एनएचएआई के ठेकेदार विनोद जैन ने 3 करोड़ की ठगी कर ली। पाण्डेय को टोल प्लाजा में पार्टनर बनाने के नाम पर धोखा दिया गया। उन्होंने एनएचएआई कार्यालय के सामने अनशन शुरू किया है। पांडे की मांग है कि कार्रवाई करें।

सुभाष ब्लॉक से घंटाघर जाने वाले मार्ग पर विप्र वाटिका के नजदीक नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय के सामने प्रेमचंद पाण्डेय ने भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर अनशन शुरू कर दिया है। आरोप है कि ठेकेदार और अधिकारियों के रवैय्ये से तंग आकर उन्हें यह सब करना पड़ा। पाण्डेय ने बताया कि जशपुर जिले को झारखंड से जोड़ने वाले लोदाम सहित कई राज्यों के टोल प्लाजा में रकम निवेश करने के लिए उन्हें विनोद जैन को 3 करोड़ रुपए नगद व चेक से दिए थे। पूर्व सैनिक प्रेमचंद ने बताया कि बाद में विनोद जैन ने उसे पार्टनर नहीं बनाया और छल किया। अब न वह उसकी रकम वापस कर रहा है। पुलिस और नेशनल हाईवे अथॉरिटी इस मामले में मौन है। डेढ़ दशक सेना को देने वाले प्रेमचंद पाण्डेय ने बताया कि एनएचएआई के हर टोल प्लाजा में व्यापक मनमानी और भ्रष्टाचार है। कर्मचारियों के शोषण के साथ कई गैर कानूनी काम हो रहे है। इसकी जानकारी एनएचएआई के अधिकारियों को है और वे मौन है। प्रेमचंद के इस मामले में पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा और नेशनल हाईवे के अधिकारी को पत्र लिखकर ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने को कहा है।

## लिव इन रिलेशनशिप में रहते थे प्रेमी युगल अविवाहित युवती ने दिया बच्चे को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में एक अविवाहित युवती द्वारा स्वस्थ शिशु को जन्म देने का मामला सामने आया है। जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल से मिले मेमो के आधार पर जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने युवती का बयान दर्ज किया है। पुलिस अब मामले की आगे की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के बैकुंठपुर बरबसपुर निवासी 35 वर्षीय मोहन यादव चोटिया क्षेत्र की एक युवती से प्रेम करने लगा था। मोहन सायकल रिपेयरिंग का काम करता था, जहां किसी काम से गई युवती से उसकी पहचान हुई। यह पहचान पहले दोस्ती और फिर गहरे प्रेम संबंध में बदल गई। लगभग एक साल पहले दोनों अपने-अपने घरों से भागकर कटघोरा क्षेत्र में किराए के मकान में रहने लगे। मोहन ने कटघोरा में ही सायकल रिपेयरिंग का काम शुरू कर दिया। दोनों बिना शादी के पति-पत्नी की तरह एक साथ रहने लगे। इसी दौरान युवती गर्भवती हो गई और एक स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया। बुधवार की सुबह युवती को अचानक प्रसव पीड़ा हुई। परिजन और युवक उसे तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में युवती ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। अस्पताल प्रबंधन ने मामले की सूचना जिला अस्पताल चौकी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और युवती का बयान दर्ज किया। युवती 8वीं पास है और समय-समय पर मजदूरी का काम करती है। युवक भी 8वीं पास है और सायकल रिपेयरिंग का काम कर अपना जीविकोपार्जन करता है। पिछले एक वर्ष से दोनों एक साथ रह रहे हैं। हालांकि बिना विवाह के बच्चे के जन्म के बाद अब पुलिस इस मामले में कानूनी पहलुओं की जांच कर रही है।

### पतंजलि चिकित्सालय में स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार का हुआ आयोजन

**कोरबा।** लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट पतंजलि चिकित्सालय एवं श्री शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा पतंजलि चिकित्सालय श्री शिव औषधालय महानदी काम्प्लेक्स निहारिका में अति शुभ पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार कराया गया। जिसमें अंचल के सैकड़ों बच्चे लाभान्वित होकर इसके अप्रत्याशित चमत्कारिक परिणाम का लाभ ले रहे हैं। इसी कड़ी में स्वर्ण प्राशन करा रहे 6 वर्षीय मोहित देवांगन के पिता धर्मवीर देवांगन ने कहा कि उनका बेटा मोहित तुतलाता था, उसका उच्चारण भी साफ नहीं था। ऐसे में वे उसे लेकर नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा के पास आया तो उन्होंने पुष्य नक्षत्र में स्वर्ण बिंदु प्राशन संस्कार कराने की सलाह दी।

## ढेगुर में क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम को संबोधित करती अतिथि।

विकासखंड अंतर्गत ग्राम ढेगुर में आयोजित भव्य ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल प्रेम, उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में कोरबा सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों की अनेक टीमों ने भाग लेने हेतु पंजीयन कराया है, जिससे पूरे क्षेत्र में खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह का माहौल बना हुआ है।

क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ जनपद पंचायत कोरबा की अध्यक्ष श्रीमती बिजमोती अभिमन्यु राठिया एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया के करकमलों से हुआ। आयोजन की शुरुआत ग्राम के आराध्य देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके पश्चात जनपद अध्यक्ष श्रीमती बिजमोती राठिया ने स्वयं मैदान में उतरकर प्रथम बैटिंग कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया, वहीं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया ने प्रथम गेंद डालकर बॉलिंग की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएँ युवाओं को नशे एवं गलत प्रवृत्तियों से दूर रखते हुए सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं। खेल से न केवल शारीरिक एवं मानसिक मजबूती आती है, बल्कि अनुशासन, परिश्रम, संघर्ष और टीम भावना जैसे गुणों का भी विकास होता है। उन्होंने आयोजन समिति को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर कराने की अपील की।

## भाकपा जिला परिषद की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद की बैठक गुरुवार को मुड़ापार (एटक) कार्यालय में आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला सचिव कामरेड एमएल रजक द्वारा किया गया। जिला सचिव कामरेड पवन कुमार वर्मा द्वारा पार्टी की सांगठनिक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य परिषद की बैठक 9 नवंबर को रायपुर के ऑल नियर होटल में राज्य प्रभारी सांसद कॉम संदोष कुमार के उपस्थिति में कॉम फूलसिंह कचलम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कॉम पी संदोष कुमार ने 25वीं राष्ट्रीय सम्मेलन चंडीगढ़ की रिपोर्टिंग की।

**खास बात**
- जन विरोधी नीतियों को लेकर संघर्ष तेज करने का लिया संकल्प

उन्होंने कहा कि पार्टी शाखाओं की बैठक प्रतिमाह होनी चाहिए, नई सदस्यता के लिए नवजवानों को शामिल करने प्रयास करना चाहिए। पार्टी में संगठन के मजबूती पर ध्यान देना चाहिए, पार्टी पत्र मुक्ति संघर्ष को सभी शाखाओं में मंगाया जाय। राज्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों, दलितों, आदिवासियों ,अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले को लेकर संघर्ष तेज करना है। जिले की जन समस्याओं रोड, नाली, प्रदूषण, तालाबों की साफ सफाई, लोकल बेरोजगारों को प्राथमिकता रोजगार में दी जाए, मासिक राशन में चने की आपूर्ति इन सभी को लेकर पार्टी संघर्ष तेज करेगी। जिला परिषद बैठक में कामरेड एमएल रजक, का.पवन कुमार वर्मा, का.राम मूर्ति दुबे उपस्थित रहे। का.एन के दास, का. विजय लक्ष्मी चौहान, का.धर्मेंद्र तिवारी, का.संतोषी बरेढ, का.मीना यादव, का.सुभाष सिंह, का.मनीष नाग, का.दीपक कश्यप, का.रामरतन सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मंगलपाठ और भजनोत्सव का आयोजन 27 से

**कोरबा।** नमो नारायणी समिति के तत्वावधान में 27 एवं 28 दिसंबर को 39वां अंतरराष्ट्रीय मंगलपाठ और भजनोत्सव का आयोजन जश्न रिसोर्ट राताखार में आयोजित किया जा रहा है, जिससे भारत के विभिन्न राज्यों से आएं दादी भक्तों का भी सानिध्य प्राप्त होगा। उक्त कार्यक्रम के तहत 27 दिसंबर की सुबह 9 बजे श्री पंचदेव मंदिर पुराना बस स्टैंड कोरबा से शोभा यात्रा एवं पालकी यात्रा का आयोजन किया गया है। जिसमें 601 मनोकामना निशान एवं 151 कलश के साथ उक्त शोभा यात्रा पुराना बस स्टैंड, पावर हाउस रोड, सुनालिया ज्वेलर्स होते हुए जश्न रिसोर्ट पहुंचेगी। तत्पश्चात शाम 4 बजे से श्री तेजस राणा जी, मनोज शर्मा, प्रियंका गुप्ता, अपर्णा अग्रवाल के सुमधुर स्वरों के साथ दादी के गुणगानों की भजनसंध्या का आयोजन किया गया है। 28 दिसंबर को 3100 दादी भक्त महिलाओं द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय भजन गायक एवं मंगल पाठ वाचक केशव-सौरभ मधुकर के साथ संगीत मय मंगलपाठ का वाचन किया जावेगा।

## जिला महानगर साहू संघ का गठन, मनकराय बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रेसवार्ता के दौरान नव नियुक्त अध्यक्ष के साथ समाज के लोग।

साहू समाज के विकास के लिए शिक्षा, व्यवसाय, संस्कृति, संगठन एवं अन्य क्षेत्रों का विकास हो, को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ, युवाशक्ति एवं मातृशक्ति की उपस्थिति में महानगर साहू संघ का गठन किया गया। जिला साहू संघ के चुनाव में नियम विरुद्ध, अन्यायपूर्ण, विसंगति से युक्त तहसील का गठन, आजीवन सदस्यों का नाम विलोपन, मनमाने ढंग से आजीवन सदस्यों का नाम जोड़कर निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित किया गया। मनमाने ढंग से प्रकरणों का निपटारा एवं जुर्माना राशि की उगाही, आय-व्यय का ब्योरा में विसंगति से समाज के प्रबुद्धजन चिंतीत रहे, जिसकी शिकायत एवं निवेदन लगातार प्रदेश साहू संघ के पदाधिकारियों, पर्यवेक्षक एवं चुनाव अधिकारी से करने के बावजूद हजारों लोग की अपेक्षा के विपरीत कोई अंकुश या कार्यवाही नहीं किये जाने के कारण जिला कोरबा महानगर साहू संघ का गठन किया गया है। जिसमें संरक्षक गिरधारी लाल साहू, धनीराम साहू, अध्यक्ष मनकराय साहू, कार्यवाहक अध्यक्ष बालाराम, उपाध्यक्ष श्रीमति पद्मिनी साहू, बद्रीप्रसाद साहू, संगठन सचिव मदनगोपाल साहू, सचिव पुनीराम साहू, कोषाध्यक्ष मुन्ना साहू, सलाहकार व मीडिया प्रभारी रवीन्द्र साहू सहित कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। इस अवसर पर दमन साहू, सीपी साहू, दिनेश साहू, कृष्णा साहू, कृपाराम, राधेश्याम साहू, घनश्याम साहू, श्रीमति रामकुमारी, श्रीमति संध्या साहू, श्रीमति सविता, सुमनबाला, शिवकुमारी, जानकी साहू, कमला साहू, खुशबू साहू, रजनी साहू, नंदिनी साहू, श्रीमति अंजू साहू आदि उपस्थित रहे।

## करतला ब्लॉक मुख्यालय में जताया गया विरोध

# किसानों के मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी का धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



किसानों के मुद्दों व समस्याओं को लेकर करतला ब्लॉक मुख्यालय में आम आदमी पार्टी के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन में राज्य सरकार को आड़े हाथ लिया गया। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री जगलाल राठिया ने कहा

प्रदेश में गिरदावरी में किसानों का सरकार द्वारा त्रुटि वर्ष रकबा कम कर दिया गया है साथ ही वर्तमान में धान फसल बेचने के लिए किसानों का टोकन सही तरीके से नहीं कट पा रहा है उनको लंबी लाइन लगाकर चार-पांच दिनों का इंतजार करना पड़ रहा है। कुछ जगह सूचना मिली है कि सिर्फ जितना कर्ज है उतना ही धान लिया जा रहा है।साथ ही प्रतिदिन धान खरीद की लिमिट समितियों में कम करने से टोकन काटने का नंबर लेट हो रहा है समितियों के माध्यम से प्रतिदिन कम से कम 1400 से 1500 क्विंटल धान प्रतिदिन खरीदी होनी चाहिए। आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष रिचर्ड डेविड लोगन ने कहा जिले में किसानों का रकबा कम होने, टोकन नहीं कटने और धान खरीदी में जारी अन्य अव्यवस्था की जानकारी प्राप्त हुई है। आम आदमी पार्टी द्वारा पूर्व में भी आम जनता से जुड़े मुद्दे और किसानों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। छत्तीसगढ़ में हमारी पार्टी किसानों के हो रही परेशानी का विरोध करती है और छत्तीसगढ़ सरकार से मांग करती है कि प्रदेश के किसानों को हो रही सभी प्रकार की परेशानियों का जल्द ही निराकरण करे अन्यथा हमारी पार्टी प्रदेश में किसानों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी। धरना प्रदर्शन का समापन ज्ञापन सौंप कर किया भी गया। इस अवसर पर प्रदेश संयुक्त सचिव प्रतिमा सिन्हा, लोकसभा सचिव शत्रुघन साहू लोकसभा उपाध्यक्ष सत्येंद्र यादव,भूषण कुर्रे, संतोष यादव, जिला उपाध्यक्ष धरम दास गांधी,जिला कोषाध्यक्ष सोमराज, यूथ विंग जिला अध्यक्ष आजाद बख्श, महिला विंग अध्यक्ष सरोज यादव, मेहतर राम, केला आसिफ खान, लहना सिंह कमल सिंह धुर्वे, वामन वडोदकर, गुरुवार सिंह गवेल, संतोष कुमार गवेल , पुष्पा लहरें, सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## आदिवासी बालक आश्रम सरभोंका में मदिरापान की शिकायत पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकासखण्ड पोड़ीउपरोड़ा के अंतर्गत प्राथमिक स्तर आदिवासी बालक आश्रम सरभोंका में अधीक्षक तथा कर्मचारियों द्वारा मदिरापान किए जाने की शिकायत प्राप्त होने पर नोडल अधीक्षक पोड़ीउपरोड़ा द्वारा 28 नवम्बर को सांय 9.30 बजे आश्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक संजय कुमार पैकरा, दैनिक वेतन भोगी गनपत लाल और कलेक्टर दर कर्मचारी आलम सिंह पैकरा शराब के नशे में पाए गए। तीनों कर्मचारी मद्यपान के अभ्यस्त भी पाए गए। प्राप्त तथ्यों के आधार पर प्रशासन द्वारा तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है। इस कृत्य के लिए दैनिक मजदूर गनपत सिंह बिंझवार की सेवाएँ समाप्त कर दी गई हैं। कलेक्टर दर कर्मचारी आलम सिंह पैकरा को कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, कोरबा में संलग्न किया गया है। अधीक्षक श्रेणी "स" संजय कुमार पैकरा को निलंबित कर उनका मुख्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, कोरबा निर्धारित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### गुरू पर्व में शामिल होंगे उद्योग मंत्री



**कोरबा।** बाबा गुरू घासीदास की 269 जयंती समारोह का आयोजन 17 से 19 दिसंबर तक सतनाम प्रागंण टीपी नगर में आयोजित किया गया है। 18 दिसंबर को उद्योग, वाणिज्य, सार्वजनिक उपक्रम, आबकारी एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन शाम 4 बजे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### ललित सुरजन को भाकपा ने किया याद



**कोरबा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड पवन कुमार वर्मा, सहसचिव कामरेड अनुप कुमार सिंह, सहसचिव कामरेड धर्मा राव, कोषाध्यक्ष कामरेड धर्मेंद्र तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 2 दिसंबर 2020 को ललित सुरजन हम सबको छोड़कर चले गए, परंतु उन्होंने पत्रकारिता, साहित्य और जन आंदोलन को अपना मुख्य औजार की तरह इस्तेमाल किया। श्री सुरजन ने अपने लेखनी के माध्यम से समाज के निम्न वर्गों सहित पीड़ितों की आवाज उठाते रहे और संघर्ष कर उन्हें न्याय दिलाने का प्रयास करते रहे। उन्होंने पत्रकारिता की अच्छाई जगाई। देश और प्रदेश की पत्रकारिता के संबंध में प्रदेश में वे प्रगतिशील लेखक संघ, छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य सम्मेलन, विश्व शांति एवं एकजुटता जैसे संगठनों का पर्याय बने रहे। पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में उन्होंने कई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया और सम्मानजनक जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई। आज उन्हें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद की तरफ से उनके पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि दी।

### मद्य निषेध दिवस पर जिले में आयोजित होंगी नशामुक्ति संबंधी विभिन्न कार्यक्रम

**कोरबा।** बाबा गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसंबर को प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मद्य निषेध दिवस का जिला स्तरीय आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशानुसार जिले में विभिन्न विभागों के सहयोग से नशामुक्ति संबंधी अनेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में गठित भारत माता वाहिनी के माध्यम से नशामुक्ति कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रसारित दिशा-निर्देशों तथा शपथ कार्यक्रम का आयोजन कर नागरिकों को नशा त्याग के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही नशामुक्ति साहित्य का वितरण कर जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाई जाएगी। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेरक स्लोगन, जन-जागरूकता संदेश एवं चित्रों का व्यापक प्रसार किया जाएगा। नशा एवं एड्स प्रभावित क्षेत्रों में विशेष प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा। विद्यार्थियों के बीच नशापान के दुष्परिणामों पर आधारित विभिन्न गतिविधियाँ और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### विशेष सप्ताह का आयोजन 19 तक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती के अवसर पर समाज कल्याण विभाग अंतर्गत 25 वर्षों की यात्रा को प्रदर्शित करते हुए 12 से 19 दिसम्बर तक विशेष सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान तिथिवार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसके अंतर्गत 15 दिसम्बर को साईन लैंग्वेज डे के रूप में शासकीय /अशासकीय संस्थाओ में दिव्यांग बच्चों हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल-कूद, ड्राइंग, पेंटिग का आयोजन किया जाना है। इस हेतु अधीक्षक उमंग दिव्यांग विद्यालय, प्राचार्य इनरव्हील एजुकेशन सोसायटी एवं प्राचार्य अंकुर स्पेशल स्कूल मुड़ापार कोरबा को उक्त दिवसों में तिथिवार गतिविधियां आयोजित करने निर्देशित किया गया है।

### धान खरीदी केंद्र में ट्रैक्टर के नीचे आकर किसान की मौत

कुसमी। शुक्रवार को बिक्री के लिए धान लेकर खरीदी केंद्र पहुंचे किसान की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। किसान ट्रैक्टर से धान की गिरी हुई बोरियों को उठाने के लिए नीचे उतारा था और ट्रैक्टर बैक होने से वह कुचल गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम केदली निवासी 65 वर्षीय हरिमोहन एक्का आ. अगनू एक्का 12 दिसम्बर को ट्रैक्टर से धान लेकर कुसमी धान खरीदी केंद्र पहुंचा था। इस दौरान उसके ट्रैक्टर ट्राली से धान की बोरियां नीचे गिर गई जिसे उठाने के लिए किसान वाहन से नीचे उतरा और ट्रैक्टर व ट्राली के बीच में खड़ा था। इसी दौरान ट्रैक्टर के बैक होने से ग्रामीण वाहन के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

# महापौर ने 127 हितग्राहियों को प्रदान किया आवासगृह स्वीकृति व भवन अनुज्ञा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

## वर्तमान में 2 हजार 232 हितग्राहियों का स्वीकृत हुआ आवास गृह

अलग खबर

महापौर ने निगम कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 मोर जमीन-मोरी मकान बीएलसी घटक के 127 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र एवं भवन निर्माण अनुमति पत्र प्रदान किया। महापौर श्रीमती राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने हितग्राहियों को शुभकामनाएं दी तथा समय सीमा में मकानों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर निर्माण कार्य पूर्ण करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत मोर जमीन-मोर मकान बीएलसी घटक अंतर्गत नगर निगम क्षेत्रांतर्गत वर्तमान में 2232 नए हितग्राहियों को आवासगृहों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। नगर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभा कक्ष में महापौर ने 127 हितग्राहियों को आवासगृहों के स्वीकृति पत्र व भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र प्रदान किया। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने उपस्थित हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग मकान का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करें। समय सीमा में मकान का निर्माण करा लें ताकि मुख्यमंत्री गृह प्रवेश योजना के अंतर्गत 32 हजार 850 रूपये की मिलने वाली अतिरिक्त राशि भी आपको प्राप्त हो सके। आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 की समग्र जानकारी भी हितग्राहियों को दी तथा उनसे कहा कि निगम प्रशासन की ओर से सभी हितग्राहियों को पूरा सहयोग मिलेगा, आपको समय पर किश्त राशि का भुगतान प्राप्त हो, यह सुनिश्चित कराया जाएगा।

**खास बातें**

- पीएम आवास योजना 2.0 मोर जमीन मोर मकान के तहत प्रदान की गई स्वीकृति पत्र




## रोजगार, मुआवजा व बसाहट को लेकर खोला मोर्चा

# नरईबोध के ग्रामीणों ने भठोरा फेस को बंद कर किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की खदानों से प्रभावित ग्राम नराईबोध के ग्रामीणों ने रोजगार, मुआवजा, पुनर्वास सहित अन्य मांगों को लेकर खदान के भठोरा फेस को बंद कर धरना प्रदर्शन किया। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक भूविस्थापितों का आंदोलन जारी रहा। आखिरकार प्रबंधन द्वारा 18 दिसंबर को त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित कर मांगों के निराकरण का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद प्रभावित ग्रामीणों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया।

एसईसीएल गेवरा खदान से प्रभावित ग्राम नरईबोध के भूविस्थापितों ने रोजगार, पुनर्वास, मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया। शुक्रवार की सुबह भूविस्थापित भठोरा फेस पहुंचे और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का अरोप है कि एसईसीएल परियोजना के कारण उनकी पैतृक भूमि और आजीविका प्रभावित हुई है, लेकिन प्रबंधन द्वारा पुनर्वास मुआवजा और प्रभावित परिवारों को रोजगार देने के वादे लंबे समय से पूरे नहीं किए जा रहे हैं। अपनी मांगों की अनदेखी से निराश होकर ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण तरीके से खदानों के संचालन को रोककर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रभावित ग्रामीणों के खदान बंदी आंदोलन के कारण कोयला उत्पादन और परिवहन बाधित रहा। आंदोलन की गंभीरता और ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए एसईसीएल प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे। जिसके बाद अधिकारियों ने ग्रामीणों से लंबी चर्चा की और उनकी मांगों के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया। एसईसीएल प्रबंधन ने ग्रामीणों की समस्याओं पर विचार करने के लिए 18 दिसंबर को एक त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित करने का आश्वासन दिया है। उक्त वार्ता में एसईसीएल प्रबंधन प्रभावित ग्रामीण प्रतिनिधि और जिला प्रशासन के अधिकारियों के शामिल होंगे।

**खास बातें**

- लगभग 5 घंटे तक जारी रहा धरना प्रदर्शन
- उत्खनन व परिवहन कार्य रहा बाधित



धरना प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त**

एसईसीएल प्रबंधन के ठोस आश्वासन और आगामी त्रिपक्षीय वार्ता की तारीख मिलने के बाद ग्रामीणों ने दोपहर 2 बजे अपना आंदोलन समाप्त कर दिया और खदान का संचालन फिर से शुरू हो सका। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि 18 दिसंबर की बैठक में उनकी वर्षों पुरानी समस्याओं का स्थायी और संतोषजनक समाधान निकलेगा।

# कसरेंगा राइस मिल से नदी में छोड़ा जा रहा केमिकल युक्त जहरीला पानी



नदी में समाहित होता केमिकल युक्त पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढेलवाडीह

कटघोरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ढपढप के आश्रित ग्राम कसरेंगा में राइस मिल संचालित हैं। इससे केमिकल युक्त जहरीला गन्दा पानी अहिरन नदी व खेतों में छोड़ा जा रहा हैं। जिसको लेकर अरदा मंडल कांग्रेस पार्टी ने मोर्चा खोल दिया हैं। कांग्रेस मंडल उपाध्यक्ष दिनेश आदिले ने कहा ग्राम कसरेंगा में राइस मिल से केमिकल युक्त जहरीला गन्दा पानी अहिरन नदी में छोड़ने से त्वचा रोग होने खतरा बना हुआ हैं। कसरेंगा, घनाकछार, जटांगपुर, जमनीमुड़ा, तेलसरा, छिरहुट सहित आसपास के ग्रामीणों अहिरन नदी पर हि निस्तारी करते हैं। लेकिन कसरेंगा राइस मिल के निकलने वाले केमिकल युक्त प्रदूषित पानी के वजह से लोगों कें त्वचा संबंधित बीमारियां हो रही है। यदि समय रहते केमिकल युक्त पानी का विस्थापन बंद नहीं हुआ तो त्वचा रोग की बीमारी सबको अपनी जद में ले लेगा। प्रदूषित पानी खेतों में भी जा रहा है। इस कारण जमीन की उपजाऊ क्षमता लगातार कम हो रही है। आसपास क्षेत्रों में संक्रमण बीमारी होने की आशंका भी बढ़ गई है। राइस मिल संचालक की लापरवाही का नतीजा है जो गंदे पानी को मिल में स्टॉक करने की कोई व्यवस्था नहीं कि है न ही पर्यावरण मंडल के नियमों का ध्यान रखा है।

# बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

शुक्रवार की देर शाम बस व बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। पुलिस द्वारा इस मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

- एक गंभीर रूप से घायल, चालक हुआ फरार

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम मोतीनगर निवासी 18 वर्षीय सुशील कुमार नगेसिया आ. कुंवर साय नगेसिया, 19 वर्षीय उसपाल आ. स्व. चांगुल नगेसिया व 16 वर्षीय संजू आ. सहजू नगेसिया पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 30 एफ 1944 से किसी काम से कुसमी बाजार आए हुए थे और शाम लगभग 6 बजे वे वापस लौट रहे थे। इस दौरान बगीचा से कुसमी के बीच चलने वाली शमीम बस क्रमांक सीजी 14 जी 0136 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चालते हुए जनपद पंचायत कार्यालय के समक्ष सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही बाइक सवार सुशील नगेसिया और उसपाल नगेसिया की मौत हो गई जबकि संजू नगेसिया गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक बस को छोड़कर मौके से फरार हो गया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी कुसमी विरासत कुजूर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा मृतकों की शिनाख्त करने के साथ ही घटना की सूचना परिजन को दी गई। इस घटना के बाद मृतकों के परिजन सदमे में है। फिलहाल पुलिस द्वारा शवों को मर्च्युरी में रखवाने के साथ ही मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है जबकि घायल संजू नगेसिया को चेहरे और सिर में गंभीर चोट के कारण मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। थाना प्रभारी विरासत कुजूर ने बताया कि मामले में बस को जब्त किया गया है और चालक की तलाश जारी है। शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया जाएगा।

### एसआईआर के धरना प्रदर्शन में शामिल होने दिल्ली गए मनमोहन

**हरदीबाजार।** कांग्रेस के द्वारा एसआईआर को लेकर दिल्ली में 14 दिसंबर को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस आंदोलन में जिले से कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होगें। जिला ग्रामीण कांग्रेस से अध्यक्ष मनोज चौहान व शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर दिल्ली जाने वाले की सूची तैयार कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजे है। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर भी दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के नेतृत्व में एनएसयूआई भी आंदोलन में शामिल होंगे। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों से भी कांग्रेसी दिल्ली जाने की रवाना हो गए है।

# शराब के नशे में धुत युवक ने किया जहर सेवन, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक विगत दिनों शराब के नशे में धुत्त होकर अपने घर पहुंचा और शराब को लेकर पत्नी से कहा सुनी होने के बाद घर में रखे कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जब युवक की तबीयत बिगड़ी तो परिजनों ने आनन फानन में उसे उपचार के लिए जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया। जो पिछले दस दिनों से भर्ती होकर इलाज करा रहा था। उपचार के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कल्मीटीकरा निवासी राजेश कुमार राठिया 27 वर्ष पिता प्यारेलाल राठिया आदतन शराबी था। आये दिन शराब के कारण पति-पत्नी में अक्सर वाद विवाद कि स्थिति निर्मित होती थी बताया जाता है कि 2 दिसंबर को राजेश शराब के नशे में धुत्त होकर अपने घर पहुंचा था और पत्नी से वाद विवाद होने के बाद घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब परिजनों को इसकी भनक हुई तो तत्काल उसे गंभीरावस्था में उपचार के लिए जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान 12 दिसंबर की देर शाम उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

**खास बातें**

- श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम कल्मीटिकरा की घटना
- पति पत्नी में अक्सर होता रहता था विवाद

# तेज रफ्तार ट्रेलर ने पुलिया को मारी टक्कर, बाल-बाल बचा चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंबिकापुर-लखनपुर मार्ग एनएच-130 पर शुक्रवार की दोपहर लगभग 12 बजे एक बड़ा हादसा टल गया। तेज रफ्तार ट्रेलर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी पुलिया से टकराया और नीचे जा गिरी। घटना होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि घटना होने के पहले चालक ट्रेलर से कूद गया जिससे उसकी जान बच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रेलर अंबिकापुर की ओर से लखनपुर की ओर जा रही थी। पुलिया के पास पहुंचते ही ट्रेलर वाहन अनियंत्रित हो गया और तेज रफ्तार होने की वजह से सीधे पुलिया से टकराते हुए नीचे जा गिरी, वहीं चालक समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। नीचे गिरने से ट्रेलर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## कड़ाके की ठंड में लोगों को राहत देने का प्रयास

# सद्भाव पत्रकार संघ ने चौक चौराहों पर की अलाव की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली

पिछले कुछ दिनों से तापमान में गिरावट है और शीतलहर चल रही है, जिससे जनजीवन अस्त- व्यस्त हो चला है। सांझ ढलते ही ठंड व कोहरा काफी बढ़ जा रहा है, इससे लोगों का घरो से निकलना मुश्किल हो जा रहा है। इस कंपकंपा देने वाली सर्दी को देखते हुए सद्भाव पत्रकार संघ छत्तीसगढ़ के सदस्यों ने मिलकर नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था उपलब्ध करायी है। जहां राहगीर, मजदूर, बुजुर्ग और अन्य जरूरतमंद लोग अलाव के पास बैठकर गर्माहट लेते देखे गए।

इस पहल को लेकर संघ के सदस्यों ने कहा कि अचानक बढ़ी ठंड के कारण स्थानीय लोग, दुकानदार, श्रमिक, यात्री और आवागमन करने वाले लोग अत्यधिक कठिनाई का सामना करते देखे गए। ऐसी स्थिति में मानवता के नाते अलाव की व्यवस्था करना आवश्यक था। इस प्रकार की व्यवस्था नगर प्रशासन की जिम्मेदारी होती है। भीषण ठंड के कहर से लोगों की जान तक चली जाती है, ऐसे में अलाव आम लोगों के लिए जीवनरक्षक की भूमिका निभाती है। नगर में लोगों को अलाव की व्यवस्था नही मिल पायी है। जिसके चलते खासकर बुजुर्ग, मजदूर वर्ग और रात्रि में बाहर रहने वाले लोग ठिठुरने को मजबूर थे। साथ ही देर रात बस स्टैंड में यात्रियों को ठंड के चलते काफी परेशानी होती है। इस हालात को देखते हुए पत्रकार संघ ने आगे बढ़कर यह कदम उठाया है और सार्वजनिक जगहों पर अलाव व्यवस्था की गई है।



ठंड से बचने अलाव का सहारा लेते हुए।

